राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

मकर संक्रांति पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 13 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने मकर संक्रांति (14 जनवरी) के पावन पर्व पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस पर्व पर प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि एवं सम्पन्नता की कामना की है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि मकर संक्रांति जीवन के उजास का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कामना की है कि उत्तरायण सूर्य कोरोना काल की कठिनाइयों को दूर कर सभी को अच्छा स्वास्थ्य, सुख एवं समृद्धि प्रदान करेगा।

श्री मिश्र ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि संक्रांति पर पतंग उड़ाते समय चाइनीज मांझे का प्रयोग नहीं करें। उन्होंने कहा कि प्रातः और सायं पक्षियों के आसमान में विचरण का समय होता है, इसलिए इन बेजुबानों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए इस समय पतंगबाजी नहीं करें।

———